# बाराबंकी, सीतापुर और हरदोई में बनेंगे चार नए इंडस्ट्रियल एरिया

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊः प्रदेश में निवेश करने वाले निवेशकों को इंडस्ट्री लगाने के लिए जमीन मिल सके। इसके लिए यूपीसीडा प्रदेश में कई नए इंडस्ट्रियल एरिया शुरू करने की तैयारी कर रहा है। नए इंडस्ट्रियल एरिया प्रदेश के उन जिलों में शुरू किया जाएगा, जहां उद्यमियों के सबसे अधिक निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इसी के तहत राजधानी लखनऊ और करीबी जिलों में चार नए इंडस्ट्रियल एरिया का लोकार्पण करने की तैयारी कर रहा है। इन इंडस्ट्रियल एरिया के लिए जमीन की खरीद कर ली गई है। साथ ही बंद पड़ी कताई मिलों की जमीन पर इंडस्ट्रियल एरिया शुरू किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश के 25 से अधिक जिलों में नए इंडस्ट्रियल कॉरिडोर शुरू किए जाएंगे।

बाराबंकी के रामसनेही घाट में 230 एकड़ जमीन पर इंडस्ट्रियल एरिया विकसित किया जाएगा। इसके लिए जिला पंचायत से जमीन की खरीद भी कर ली गई है। इसके अलावा बाराबंकी में बंद पड़ी कताई मिल की 70 एकड़ जमीन पर इंडस्ट्रियल एरिया विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा हरदोई के सधीनवां में 225 एकड़ जमीन पर इंडस्ट्रियल एरिया विकसित किया जा रहा है। साथ ही सीतापुर में बंद पड़ी कताई मिल के 160 एकड़ जमीन पर इंडस्ट्रियल एरिया विकसित किया जा रहा है। यूपीसीडा के वरिष्ठ अधिकारियों के


AI Image

मुताबिक जल्द ही इन इंडस्ट्रियल एरिया में उद्यमियों के लिए जमीन का आवंटन शुरू कर दिया जाएगा।

नए इंडस्ट्रियल एरिया शुरू करने के साथ-साथ एक्सप्रेस-वे के किनारे इंडस्ट्रियल कॉरिडोर शुरू किए जाएंगे। इसके लिए भी जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है। ये इंडस्ट्रियल कॉरिडोर आगरा-लखनऊ, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के किनारे विकसित किए जाएंगे। जिससे उद्यमियों को जमीन के साथ-साथ बेहतर कनेक्टिविटी भी मिल सके।

**एक्सप्रेस-वे के किनारे विकसित किए जाएंगे कॉरिडोर**